आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक 02.06.2024 समय 18.30

- 18वीं लोकसभा के चुनाव के तहत चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर प्रदेश के विभिन्न जिलों में तैयारियां जारी।
- देश में इस वर्ष मई महीने के लिए सकल वस्तु और सेवा कर – जीएसटी राजस्व संग्रह एक लाख 73 हजार करोड़ रुपए हुआ।
- पश्चिमी विक्षोभ के असर से राज्य में कई स्थानों पर हुई बारिश से लोगों को गर्मी से मिली राहत।
- प्रदेश के रोडवेज कर्मचारियों की हाजिरी अब होगी मोबाइल ऐप के जरिये।

000

18वीं लोकसभा के चुनाव के तहत चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर प्रदेश के विभिन्न जिलों में तैयारियों की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी मतगणना स्थलों का दौरा कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में लगे हैं। **सवाईमाधोपुर** में लोकसभा चुनाव की मतगणना के मद्दे नजर जिला प्रशासन ने 3 से 5 जून तक धारा 144 लागू करने के निर्देश दिऐ हैं। अलवर जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष गुप्ता ने मतगणना स्थल बाबू शोभाराम कला महाविद्यालय का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भरतपुर में जिला कलेक्टर और जिला पुलिस अधीक्षक ने महारानी श्री जया कॉलेज का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। अजमेर जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित ने भी अधिकारियों की बैठक लेकर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने मतगणना कर्मियों को समन्वय के साथ काम करने को कहा।

000

अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव की मतगणना के सभी परिणाम मिल गए हैं। अरुणाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने सत्ता बरकरार रखी है। सिक्किम में सत्तारूढ़ सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा की एकतरफा जीत हुई है। अरुणाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने 36 सीटें जीती। पांच सीट नेशनल पीपल्स पार्टी के खाते में गई हैं। पीपल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल को दो, एनसीपी को तीन, निर्दलीय उम्मीदवार को तीन और कांग्रेस को एक सीट मिली है। 60 सदस्यों की विधानसभा में भाजपा 10 सीटें निर्विरोध जीत गई थी। वहीं सिक्किम में भी सभी 32 सीटों के परिणाम मिल गए हैं। सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा ने 31 सीट जीत ली हैं। एक सीट सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट को मिली है।

उल्लेखनीय है कि राज्य में 32 सीटों पर मतदान हुआ था। इन विधानसभाओं का कार्यकाल आज समाप्त हो रहा है। पूर्वोत्तर के इन दोनों राज्यों में विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए 19 अप्रैल को वोट डाले गए थे।

000

देश में इस वर्ष मई महीने के लिए सकल वस्तु और सेवा कर – जीएसटी राजस्व संग्रह एक लाख 73 हजार करोड़ रुपए हुआ है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि यह 10 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाता है। मई महीने के कुल संग्रह में केन्द्रीय वस्तु और सेवा कर 32 हजार करोड़ रुपए से अधिक, राज्य वस्तु और सेवा कर 40 हजार करोड़ रुपए से अधिक, एकीकृत वस्तु और सेवा कर 87 हजार 781 करोड़ रुपए से अधिक और उपकर 12 हजार करोड़ रुपए से अधिक है। मंत्रालय ने बताया कि रिफंड का लेखांकन करने के बाद पिछले महीने का शुद्ध जीएसटी राजस्व एक लाख 44 हजार करोड़ रुपए हैं। यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में छह दशमलव नौ प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

000

प्रदेश में वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोत के रूप में सौर ऊर्जा के प्रयोग को लगातार बढावा मिल रहा है। इसी कड़ी में पाली के कृषि विज्ञान केंद्र ने सोलर ट्री का प्रयोग किया है। इस तरह का प्रयोग कृषि भूमि के लिए उपयोगी साबित हो रहा है ।

000

पंजाब के फतेहगढ साहिब में आज तडके लुधियाना–अम्बाला मुख्य रेल मार्ग पर दो मालगाडियां टकरा गईं। इससे 51 रेलगाड़ियों की आवाजाही पर असर पड़ा है और सात रेलगाड़ियां रद्द कर दी गई हैं।

000

आज तेलंगाना राज्य का स्थापना दिवस है। इस अवसर पर जयपुर स्थित राजभवन में आज तेलंगाना स्थापना दिवस मनाया गया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने इस अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए तेलंगाना के स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनसे संवाद

किया। श्री मिश्र ने तेलंगाना के इतिहास की चर्चा करते हुए इस प्रदेश को पर्यटन से भी समृद्ध बताया। राज्यपाल मिश्र ने कहा कि राजभवन में राज्यों के स्थापना दिवस मनाने के पीछे भावना यही है कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की सोच से हम सभी जुड़ सकें।

000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से कई स्थानों पर तेज हवा के साथ हुई बारिश से लोगों को गर्मी से थोडी राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों में प्रदेश में सबसे ज्यादा 46 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान श्रीगंगानगर में दर्ज किया गया। सवाईमाधोपुर में आज भी तेज गर्मी का असर बना हुआ है। विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से राहगीरों को ठण्डा जल पिलाने की व्यवस्था की गई है। बूंदी में आज भी तेज गर्मी का दौर जारी रहा। वहीं कोटा में भी तेज गर्मी का दौर जारी रहने से जनजीवन प्रभावित हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए जिला कलेक्टर ने दोपहर के समय कोचिंग संस्थान बंद रखने तथा ऑन लाइन कोचिंग देने के निर्देश दिए हैं।

................

नीम का थाना जिले में आज दिनभर बादल छाये रहे और कुछ स्थानों पर हल्की बूंदा–बांदी हुई। अलवर, टोंक और केकडी जिले में भी आज कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। राजधानी जयपुर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आज बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार आज भी बीकानेर, जयपुर, भरतपुर, अजमेर और जोधपुर संभाग के कुछ भागों में मेघगर्जन और बारिश होने की संभावना है। इस दौरान कहीं–कहीं तेज आंधी चलने के आसार है। चार जून के बाद पश्चिमी जिलों में एक बार फिर तापमान बढने और हीटवेव का दौर शुरू होने का पूर्वानुमान है।

000

प्रदेश के रोडवेज कार्मिकों की हाजिरी अब मोबाइल ऐप के जरिए दर्ज होगी। कर्मचारियों की बिना बताए गायब होने और मनमर्जी पर रोक लगाने के लिए रोडवेज ने मोबाइल ऐप के जरिए हाजरी लगाने का निर्णय किया है। इसके लिए हर डिपो से दो–दो कर्मचारियों को मुख्यालय में प्रशिक्षण भी दिया गया है। बूंदी आगार की मुख्य प्रबंधक सुनीता जैन ने बताया कि सभी कर्मचारियों के मोबाइल में ऐप डाउनलोड करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

000

प्रदेश में आज अपरा एकादशी के मौके पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर पाली में कई स्थानों पर समाजसेवियों की ओर से शरबत पिलाया गया। वहीं मन्दिरों में श्रीहरि कथा सुनाने के साथ भगवान का अभिषेक और आकर्षक श्रृंगार किया गया। टोंक में भी इस अवसर पर पानी की छबील लगाई गई और राहगीरों को शरबत पिलाया गया तथा  परिंडे बांधे गये।

000

बीकानेर में आज भाजपा की ओर से म्यूजियम चौराहे पर अस्थाई प्याऊ की शुरूआत हुई। केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल और भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कैलाश मेघवाल ने राहगीरों को पानी पिलाकर प्याऊ की शुरूआत की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मेघवाल ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की किसी भी माध्यम से सेवा करना पुण्य देने वाला होता है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सरकारी संस्थानों के साथ निजी संस्थाओं से भी प्रचंड गर्मी के मद्देनजर अस्पतालों, बस स्टैंड सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर ठण्डे पानी और छाया की व्यवस्था करने की अपील की थी।

000

मानसून सीजन को देखते हुए वन विभाग ने पौध रोपण की तैयारियां तेज कर दी हैं । भरतपुर और डीग जिले की 10 नर्सरी में करीब 11 लाख छायादार, फलदार और फूलदार पौधे तैयार किए जा रहे हैं। इन पौधों में सबसे ज्यादा बरगद, पीपल, आम, शीशम, इमली, गूगल, नीम आदि के पौधे शामिल है। नर्सरी में तैयार किए गए इन पौधों में से करीब 5 लाख पौधे सरकारी जमीन, चारागाह भूमि, ग्राम पंचायत ,शहरी क्षेत्र के नगर निगम ,नगर पालिका की जमीनों पर लगाए जाएंगे तथा शेष करीब 6 लाख पौधे आमजन को भी उपलब्ध कराए जाएंगे । उपवन संरक्षक जी.के वर्मा ने बताया कि 1 जुलाई से पौधों का वितरण किया जाएगा ।

000

श्रीगंगानगर में गंगनहर फीडर से नहरी पानी की चोरी रोकने के लिए जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। दल के सदस्यों ने खंखा और शिवपुर हैड तथा लिंक चैनल तक फीडर का निरीक्षण किया और अवैध पाइपों को हटाया। इस दौरान सहायक अभियंता ने कार्मिकों को फीडर का निरीक्षण करने और प्वाइंट्स की जीपीएस पोजिशन नियमित रूप से साझा करने के निर्देश दिये।

000